14.05.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- केन्द्र सरकार ने इंडिया सेमी कंडक्टर मिशन के तहत एक और इकाई को मंजूरी दी–इस पर 3 हजार 706 करोड़ रुपये की लागत आएगी।
- जस्टिस बी.आर. गवई ने देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कल जयपुर दौरे का कार्यक्रम–भैरों सिंह शेखावत स्मारक पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे।
- प्रदेश में कल से अधिकतर स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी की संभावना–जोधपुर और बीकानेर संभाग में हीटवेव का नया दौर शुरू होने के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक हुई। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बैठक में हुए फैसलों की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने इंडिया सेमी कंडक्टर मिशन के तहत देश की छठी सेमी कंडक्टर फैक्ट्री बनाने की स्वीकृति दी है। ये फैक्ट्री उत्तर प्रदेश में लगाई जाएगी। इस पर 3 हजार 706 करोड़ रुपये की लागत आएगी। ये एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम होगा। श्री वैष्णव ने बताया कि पांच अन्य सेमी कंडक्टर यूनिट के निर्माण का काम उन्नत चरण में है।

000

जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने आज देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति गवई को पद की शपथ दिलाई।

.................

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। जस्टिस गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली है। उनका कार्यकाल कल समाप्त हो गया था।

000

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में राष्ट्र गौरव तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। 23 मई तक चलने वाली इस दस दिवसीय राष्ट्र व्यापी यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना के अदम्य साहस और वीरता को नमन किया जा रहा है। इस उपलक्ष में कई रेलवे स्टेशनों को तिरंगी रोशनी से सजाया गया है।

स्टेशनों पर देशभक्ति गीतों का भी प्रसारण किया जा रहा है। यात्रा के जरिए जनमानस में देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना का संचार किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया जाएगा। डॉ. बैरवा आज कोटा में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जवाबी कार्यवाही ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। सेना की निष्ठा, देशभक्ति और रण कौशल पर हर भारतीय को गर्व है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज जैसलमेर प्रवास के दौरान उगरास गांव का दौरा किया। उन्होंने भारत–पाक तनाव के दौरान गिराई गई मिसाइल के घटना स्थल का भी निरीक्षण किया। श्री राठौड़ ने संकट की घड़ी में बीएसएफ की भूमिका की सराहना की। वहीं कैबिनेट मंत्री हीरालाल नागर ने आज कोटा के सांगोद में आयोजित

राष्ट्र गौरव तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। देश की रक्षा में डटे सैनिकों के सम्मान में कल जयपुर में तिरंगा यात्रा रखी गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हाल ही में राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर ज़ोर दिया है।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कल जयपुर दौरे का कार्यक्रम है। वे पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके स्मारक पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे। विद्याधर नगर स्टेडियम में होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई गणमान्य अतिथि भाग लेंगे। पूर्व उपराष्ट्रपति श्री शेखावत अगस्त 2002 से जुलाई 2007 तक भारत के 11वें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के पदेन सभापति रहे। उन्होंने 1952 में राजस्थान विधानसभा के सदस्य के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। श्री शेखावत तीन बार प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे।

000

रीको की प्रत्यक्ष भूखंड आवंटन योजना के दूसरे चरण के लिए कल से ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे। रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि इसके तहत राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन में 30 अप्रैल तक एमओयू करने वाले निवेशकों को चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में आरक्षित मूल्य पर भूखंड आवंटित किये जाएंगे।योजना में 98 विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में करीब 7 हजार एक सौ भूखंड उपलब्ध हैं। योजना में महिला वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए भी भूखंड आरक्षित किये गये हैं। भूखंड आवंटन की ई लॉटरी 5 जून को निकाला जाना प्रस्तावित है।

000

प्रदेश में युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें तनाव से दूर रहने और विभिन्न विषयों पर उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके लिए 17 मई से ऑनलाइन ट्रेनिंग होगी।

000

प्रदेश में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत होने वाले पौधरोपण के बारे में आज समीक्षा बैठक की गई। कृषि और उद्यानिकी विभाग की बैठक में इस बारे में चर्चा हुई। विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने बताया कि बैठक में मिशन कर्मयोगी पोर्टल और ई फाइल सहित अन्य विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया। उन्होंने अधिकारियों से बजट घोषणाओं को तय समयावधि में पूरा करने को कहा। बैठक में फार्म पौण्ड, डिग्गी, सिंचाई पाईप लाईन, कृषि यंत्र और तारबंदी समेत अन्य योजनाओं की प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा—निर्देश भी दिये गये।

000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर कल से मौसम शुष्क रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके साथ ही कल से जोधपुर और बीकानेर संभाग में हीटवेव का नया दौर शुरू होने तथा अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री दर्ज होने के आसार जताए हैं। इस बीच, पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी कई जगह आंधी बारिश के समाचार हैं।

हनुमानगढ़ से हमारी संवाददाता ने बताया कि जिले में बारिश के साथ—साथ कई जगह ओले भी गिरे।

................

श्रीगंगानगर के सूरतगढ और पदमपुर में भी तेज बरसात और कहीं–कहीं ओलावृष्टि के समाचार हैं। इसके साथ ही जिले के अनूपगढ़ और घड़साना में तेज बारिश हुई। बांसवाड़ा में भी दोपहर बाद मौसम बदला और रिमझिम बारिश का दौर चला। उधर, उदयपुर में दोपहर में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बरसात हुई। झमाझम बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया। राज्य में चूरू और भीलवाड़ा सहित कई स्थानों पर दिनभर तेज गर्मी और उमस का असर रहा।

000

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बूथ लेवल ऑफिसर यानि बीएलओ को जल्द ही मानक पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। श्री कुमार आज नई दिल्ली में निर्वाचन कार्मिकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहचान पत्र मिलने से बीएलओ घर–घर जाकर सुचारू रूप से मतदाताओं का सत्यापन कर सकेंगे।

000

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग–एनएचआरसी ने दो सप्ताह का ऑनलाइन इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है। इसका उद्देश्य देश में मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण की व्यापक समझ प्रदान करना है। इस इंटर्नशिप के लिए देशभर के 1 हजार 795 आवेदकों में से 80 विद्यार्थियों को चुना गया है।

एनएचआरसी के महासचिव भरत लाल ने बताया कि इस कार्यक्रम से छात्रों को भारत के संवैधानिक ढांचे को समझने और मानवाधिकारों को प्रोत्साहित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने छात्रों से न्याय, समानता और गरिमा के साथ सेवा करने का आग्रह किया।

000